Title: Need to expand railway connectivity in the Kushi Nagar Parliamentary Constituency.-laid

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): मेरा संसदीय क्षेत्र कुशीनगर एक ऐतिहासिक स्थल है । जहाँ महात्मा बुद्ध कोण परिनिर्वाण कि प्राप्ति हुई थी । यह सभी बौद्ध देशो के लिए धार्मिक स्थल है, इस कारण से यह एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल भी है जहाँ विश्व भर के बौद्ध तीर्थ यात्री यहाँ दर्शन के लिए आते है । परन्तु मेरे लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर मे रेलवे कनेक्टिविटी के विस्तार की जरुरत है ।

मैं माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि गाड़ी संख्या 18181/18182 टाटानगर थावे एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) का रूट विस्तार थावे से वाया पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या होते हुए अयोध्या कैंट तक किया जाए क्योंकि थावे पर उक्त ट्रेन का रैक 16:55 घंटे खड़ा रहता है ।

थावे, पडरौना से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए गाड़ी संख्या 12571/12572 गोरखपुर - आनंद विहार हमसफ़र एक्सप्रेस वाया बढ़नी एवं गाड़ी संख्या 12595/12596 गोरखपुर - आनंद विहार (ट) हमसफ़र एक्सप्रेस वाया गोंडा दोनों ट्रेनों का रूट विस्तार गोरखपुर से वाया कप्तानगंज, पडरौना, थावे, सिवान होते हुए छपरा तक होना चाहिए ।

यहाँ मै बताना चाहूंगा कि मेरे जिले में विदेशी पर्यटको का आगमन भी बहुत ज्यादा है एवं ट्रेन के लिए व्यापारिक संभावनाएं भी बहुत है । परन्तु कुशीनगर से दिल्ली के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नही है । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि कुशीनगर से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलायी जाए तो इससे कुशीनगर जिले के लोगो को एवं बौद्ध तीर्थ यात्रियों को देश की राजधानी दिल्ली आने जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी ।